तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025

14 बीवीसीसी प्रीमियर लीग पर टीम चैलेंजर ...



14 पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुए अनेक ...





# बारहवीं बोर्ड की परीक्षा आज से, जिले में बनाए गए 115 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरु होने जा रही है। 10-12वीं के लिए आज शुरुआत बारहवीं से 115 केंद्रों में होगी। जिसमें में 9133 छात्र शामिल होंगे। 12 वीं बोर्ड की परीक्षा 28 मार्च तक चलेंगी। मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रों में रोल नंबर डेस्क में लिख दिए गए हैं और गोपनीय सामग्री भी परीक्षा केंद्रों के नजदीकी थानों में रखे गए हैं और परीक्षा केंद्रों में भी गर्मी को देखते हुए आवश्यक तैयारी कर ली गई है। परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र में स्थान ग्रहण का समय 9 बजे निर्धारित किया गया है। उत्तर पुस्तिका का वितरण 9:5 बजे से होगा। अध्ययन के लिए प्रश्न-पत्र सुबह 9:10 बजे से और उत्तर लेखन का कार्य 9:15 बजे से 12:15 बजे तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव ने बताया कि परीक्षा के लिए आवश्यक तैयारी कर ली गई है। गोपनीय सामग्री भी पहुंच चुकी है। परीक्षा में नकल प्रकरण रोकने के लिए 10 दल बनाए गए हैं।

## बारहवीं में 9133 परीक्षा होंगे शामिल, दसवीं बोर्ड की परीक्षा 3 मार्च से

### पहला पर्चा हिंदी का

12 वीं बोर्ड परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र हिंदी विषय का है। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में नकल प्रकरणों को रोकने के लिए 10 जिला स्तरीय और 10 विकासखंड स्तरीय दल बनाए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। 12 वीं के छात्रों का यह में इम्तीहान में ही गुजरेगा। 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में इस बार 21645 छात्र बैठ रहे हैं। छात्रों का एक माह परीक्षा में ही बीतेगा।




### 10 वीं बोर्ड तीन मार्च से

10 वीं बोर्ड की परीक्षा तीन मार्च से प्रारंभ होगी। 10 वीं कक्षा में 12512 परीक्षार्थी बैठेंगे। 10 वीं बोर्ड की परीक्षा 24 मार्च तक चलेगी। 10 वीं कक्षा का पहला पेपर हिंदी विषय का होगा। पिछले कुछ वर्षों में बोर्ड परीक्षा में छात्रों की संख्या में कमी आई है। 2023-24 से कम छात्र इस बार परीक्षा में बैठेंगे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम ताला में चाकू से हमला, तीन घायल



**महासमुंद।** ग्राम ताला में एक युवक ने चाकू से हमला कर तीन लोगों को चोट पहुंचाई। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कमल बरिहा, उसके दोस्त मनोज बुड़ेक और सूरज बुड़ेक 27 फरवरी को ग्राम ताला के शिव मंदिर में हो रहे कीर्तन को देखने गए थे। इसी दौरान आरोपी हिमांशु भोई आया और उसके साथ विवाद हो गया। जिस पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए कमल, मनोज और सूरज के साथ गाली गलौज करते हुए अपने पास रखे चाकू से तीनों को चोट पहुंचाया। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### वोट नहीं देने का आरोप लगाते हुए मारपीट

**महासमुंद।** पंचायत चुनाव में वोट नहीं देने का आरोप लगाते हुए एक महिला के साथ दो महिलाओं ने मारपीट कर दी। मामला राजासेवैया खुर्द का है। पुलिस को प्रार्थिया हिमाद्री पटेल पति स्व. देवनारायण पटेल निवासी वार्ड क्र. 02 राजासेवैयाखुर्द पिथौरा ने बताया कि 25 फरवरी को बाबा सिकंदर के घर लहरौद घरेलू काम करने गई थी, घर में कोई नहीं थे और वह घर का काम कर रही थी। दोपहर लगभग 2 बजे उसके मोहल्ले की रूखमणि डडसेना एवं बबीता दास आए और कहा कि हमारे प्रत्याशी को वोट नहीं दिया। इस पर प्रार्थिया ने कहा कि उसने अपने विवेक से वोट दिया है। इसी बात को लेकर दोनों आरोपियों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने 27 फरवरी को कलमीदादर नाला के पास घोघराखार में शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम डामेश्वर दीवान पिता धनउराम दीवान (27 वर्ष) घोघरा का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से दो जरकीन तथा दो पानी बॉटल में भरी अवैध महुआ शराब (17 ली.) कीमत 3400 रुपए एवं शराब बनाने वाले आला जरा, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, एल्युमीनियम की तीन गंजी, प्लास्टिक ड्रम तथा मोबाइल कुल कीमत 14400 रुपए का सामान जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## विडंबना: 18 ट्रैक्टरों में 12 मांगों को लेकर घेराव करने जा रहे थे 66 किसान

# मुख्यालय पहुंचने से पहले ही गिरफ्तार हुए आंदोलनकारी, फिर किए गए रिहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों का 12 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को प्रस्तावित आंदोलन किसानों के जिला मुख्यालय पहुंचने से पहले ही ध्वस्त कर दिया गया। किसानों का दल 18 ट्रैक्टरों में ग्राम कौंआझर से रवाना तो हुआ। लेकिन, पुलिस ने तुमगांव स्थित भोरिंग चौक में ही वाहनों को रोक दिया और पुलिस ट्रैक्टरों को जब्त कर तुमगांव थाना ले आई।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान करणी कृपा पॉवर प्लांट के विरोध में कलेक्टोरेट का घेराव करने जा रहे। पुलिस ने महासमुंद की ओर मुड़ने से पहले ही किसानों के वाहनों को रोक दिया। जिसके चलके किसानों की वाहनें सड़क पर खड़ी हो गई। इधर, प्रभावशाली लोगों के प्लांट होने के कारण किसानों को आंदोलन करने से रोकने के साथ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 66 लोगों को गिरफ्तार भी कर दिया।

वहीं अपुष्ट खबर मिली है कि किसानों पर चक्काजाम के आरोप में भी अपराध दर्ज कर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बाद में किसानों को निःशर्त रिहा कर दिया गया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अफसरों ने प्रशासन ने किसानों को यात्री बस से कलेक्टोरेट जाने की अनुमति दी। लेकिन, किसान ट्रैक्टर रैली से जाने पर अड़े रहे।

### आंदोलन को मजबूर हुए किसान

करणी कृपा उद्योग के समस्त अवैधानिक कार्य, औद्योगिक प्रदूषण, शासकीय भूमि, काबिल काश्त भूमि, आदिवासी भूमि, नेशनल हाईवे की भूमि, सिंचाई विभाग की भूमि, किसानों की भूमि, छसपा किसान मोर्चा की भूमि पर बलात कब्जा, सशर्त डायवर्सन जैसे अपराध पर कार्रवाई करने के लिए मोर्चा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर कोई लिखित जवाब अथवा कार्रवाई नही की गई। जिसके विरोध में किसानों ने 28 फरवरी को सत्याग्रह स्थल हाईवे कौंवाझर से ट्रैक्टर रैली निकाल कर लिखित जवाब लेने पहुंचने की चेतावनी दी थी।

### किसानों को रोकने चौकस घेराबंदी

किसानों का प्रवेश जिला मुख्यालय में न हो पाए इसके लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों के साथ सभी रास्तों में भारी संख्या में बल की तैनाती की गई थी। जिले भर के अलग-अलग थानों के प्रभारियों को अलग-अलग प्वाईंट पर तैनात किए गए थे। तुमगांव, कौंदकेरा, परसदा पुलिस लाइन, बेमचा और घोड़ारी में बैरिकेडिंग लगाई थी।

### ट्रैफिक जाम, लोग हुए परेशान

महासमुंद से भोरिंग जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्काजाम होने से लोग फंसे रहे। इसके अलावा भारी वाहनों की भी कतार लग गई थी। डेढ़ बजे तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जरूरी कार्यों से जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ट्रैक्टर पलटने से चालक की उसमें दबने से मौत हो गई। घटना सांकरा थाना अंतर्गत झगरेनडीह रोड ग्राम बिजेमाल पुलिया के पास की है। मृतक के चाचा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी नवीन साहू पिता भीम साहू (45 साल) श्रीरामपुर को 27 फरवरी को मोबाईल से सूचना मिली थी कि उसके भतीजे अजेश साहू की झगरेनडीह रोड ग्राम बिजेमाल पुलिया के पास ट्रैक्टर पलटने मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर प्रार्थी ने मौके पर जाकर देखा तो उसका भतीजा अजेश साहू रोड किनारे खेत में ट्रैक्टर में दबा हुआ था, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। उसने बताया कि अजेश साहू ग्राम भानपुर के किसी व्यक्ति के ट्रैक्टर से जोंक नदी से रेत लाकर आसपास के गांव में देता था और रेत लाने ग्राम भानपुर जा रहा था। इसी दौरान लाल रंग का बिना नंबर का ट्रैक्टर रोड किनारे खेत में पलट गया, जिसमें दबने से अजेश की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शिव मंदिर से दानपेटी चोरी

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र में पार्षद के घर के पीछे स्थित शिव मंदिर से शिवरात्रि पर्व की रात दानपेटी की चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बागबाहरा पुलिस को वार्ड 3 के पार्षद और प्रार्थी कुलेश देवागंन पिता रामप्रसाद देवांगन ने बताया कि उसने अपने घर के पीछे शिव मंदिर का निर्माण किया है, जिसमें मोहल्ले के लोग पूजा पाठ करने आते जाते हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि का पर्व था और दिन भर मंदिर खुला था। दर्शनार्थी पूजा अर्चना करने दिन भर आते रहे। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि रात्रि करीबन 11 बजे मंदिर को बंद कर ताला लगाकर अपने घर चला गया। 27 फरवरी को सुबह 6 बजे पूजा करने गया तो देखा कि मंदिर के सामने दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि मंदिर में रखा दान पेटी नहीं था। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा मंदिर में प्रवेश कर दानपेटी (स्टील का) कीमत करीबन 10000 रुपए एवं दान पेटी में रखे करीबन 1250 रुपए कुल 11250 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अपराध पर जागरुकता अभियान



**महासमुंद।** डीएसपी सारिका वैद के मार्गदर्शन में 27 फरवरी को गुरु घासीदास आंगनबाड़ी महासमुंद में सेमिनार आयोजन किया गया। जहां उपस्थित लगभग 50 महिलाओं को सहायक उपनिरीक्षक साईमा अंबिलकर व महिला प्रधान आरक्षक तरुणा मदनकार द्वारा अभिव्यक्ति एप एवं साइबर अपराध व महिला संबंधी अपराध के सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

# स्कूलों के आसपास भारी वाहनों के आवागमन और पार्किंग पर लगाएं रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




प्रभारी कलेक्टर एस आलोक ने आज सड़क सुरक्षा संबंधित बैठक में कहा कि शाला खोलने और बंद करने के दौरान भारी वाहन के आवागमन और परिवहन पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। इस दौरान भारी वाहनों के गुजरने पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारियों को इस बाबत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि स्कूल परिसर और मुख्य दरवाजे के सामने भारी वाहनों के पार्किंग पर भी कार्रवाई करें तथा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर स्कूली बच्चों के आने-जाने के समय इस बात का ख्याल रखा जाए। बच्चों के स्कूली वाहन में सुरक्षा के सभी मापदंड पूरे हो। स्कूल प्रबंधन की यह जवाबदारी है कि स्कूल वाहनों में बच्चों की संख्या ओवर लोडेड न हो। साथ ही सुरक्षा संबंधी सभी उपायों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी-कर्मचारी भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। कार्यालय आने-जाने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए। तेज गति से वाहन चलाते पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई भी सुनिश्चित किया जाए। जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव ने बताया कि नियमित तौर पर स्कूल बसों का जांच किया जा रहा है। गत 19 जनवरी को पिथौरा, बसना और सरायपाली में 54 स्कूल बसों का जांच किया गया तथा 6 स्कूल बसों से 20 हजार 400 रुपए का समझौता शुल्क जमा किया गया है। इसी तरह जिले में क्षमता से अधिक फर्सी व खनिज परिवहन मालवाहकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि इस वर्ष पुलिस की सतर्कता एवं नियमित जांच और यातायात जागरुकता से सड़क दुर्घटना में गत वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की कमी आई है। साथ ही दुर्घटना से हुए मृतकों की संख्या में 29 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में 482 दुर्घटना के प्रकरण और विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में 301 व्यक्ति मृत हुए थे। जबकि, वर्ष 2024 में दुर्घटना के 472 एवं मृत व्यक्ति के 283 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। बैठक में शिक्षा विभाग, खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी, लोक निर्माण विभाग और परिवहन विभाग के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## टीम को शहर में व्याप्त समस्याओं के समाधान की तैयारी के साथ करना होगा प्रवेश

# नगर पालिका की नई टीम के सामने अनेक चुनौतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पालिका की नई टीम ने अभी शपथ नही ली है। लेकिन, पालिका पहुंचने के साथ नई टीम को शहर में व्याप्त समस्याओं के समाधान की तैयारी के साथ पालिका प्रवेश करना होगा। मूलभूत आवश्यकताओं के कर्तव्य को पूरा करने के साथ शहर में राजस्व वसूली की दशा में सुधार और नई सुविधाओं की तैयारी की जिम्मेदारी भी नई पालिका के सिर होगी।

शहर में लगभग 8 मुख्य उद्यान हैं। संजय कानन हो या ढीढी उद्यान शहर के मुख्य मार्ग में होने के बाद भी न झूलों की मरम्मत हो रही है और न ही टूटी कुर्सियों को बदला जा रहा है।

बूढ़े, बच्चे और जवानों को उद्यानों की दशा में सुधार की उम्मीद है। बता दें कि शहर के उद्यानों में लोग शाम को टहलने के लिए निकलते हैं। इसके अलावा मार्निंग वॉक करने के लिए भी सुबह लोग आते हैं। ओपन जिम की सामग्री टूटी हुई है और बच्चों के खेलने के उपकरण भी टूटे हुए हैं। लंबे समय से उद्यानों का रखरखाव नहीं हो रहा है। नगर पालिका द्वारा इसे सुधारने प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। शहर में संजय कानन प्रमुख उद्यान है। इसके बाद गुरु गोविंद सिंह उद्यान में लोगों की भीड़ जुटती है। इसके




अलावा किलकारी गार्डन, ढीढी उद्यान, मोती गार्डन, अयोध्या नगर स्थित कुशाभाउ ठाकरे गार्डन, नयापारा का संत रविदास उद्यान, डॉ. सेमुअल उद्यान में प्रतिदिन बच्चे खेलने के लिए पहुंचते हैं। ज्यादातर उद्यानों में जो फव्वारा लगाया गया है, वह लंबे समय से बंद है। जिसे प्रारंभ करने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गुरु गोविंद सिंह उद्यानों में बोटिंग भी नहीं हो रही है। खेलने वाले बच्चों को भी मायूसी हाथ लगती है। तीन वर्ष पूर्व तक संजय कानन में हरियाली थी। जब से यहां बांस के पेड़ काटे गए हैं, यह उद्यान उजड़ा सा लगता है। यहां आने वाले लोगों की संख्या भी घट गई है। यहां पौध पाठशाला बनाने की भी योजना थी, जो ठंडे बस्ते में चली गई है और खनिज संग्रहालय का भवन तो बन गया है, लेकिन खनिज नहीं रखी गई है। संजय कानन में स्थित स्केटिंग ट्रैक पर कोई स्केटिंग करने भी नहीं आता है।

### ओपन जिम के उपकरण भी हुए क्षतिग्रस्त

शहर के उद्यानों में ओपन जिम के उपकरण लगाए गए हैं, जिसमें से ज्यादातर उपकरण टूटे हुए हैं। जिसे सुधारने के लिए प्रयास नहीं किया जा रहा है। टूटे उपकरणों में लोग व्यायाम करते हैं। ओपन जिम के उपकरणों का भी रखरखाव नहीं हो रहा है। कई उपकरणों के पाट्र्स गायब है। उद्यानों के आस-पास सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा नहीं होने से महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। छोटे उद्यानों में सार्वजनिक प्रसाधन नहीं है। जहां पर है वहां पर नियमित सफाई नहीं होती है। शहर में पार्षद निधि से लगाए गए ओपन जिम की हालत ठीक नहीं है। कई जगह तो उपकरण ही गायब हैं। जिसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। टूटे ओपन जिम भी अब केवल शो-पीस ही रह गए हैं। कोई व्यायाम नहीं करता है।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दंपत्ति घायल

**महासमुंद।** बाइक से सरायपाली जा रहे एक दंपत्ति कार की टक्कर से घायल हो गए। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुरलीधर साहू निवासी लमकेनी 8 फरवरी को अपनी पत्नी राजकुमारी साहू का इलाज कराने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएल 6128 से सरायपाली अस्पताल जाने के लिए निकला था। करीब 11 बजे ग्राम तोषगांव से अंतरला जाने के मार्ग में पोल्ट्री फार्म के पास पहुंचने पर पीछे की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी 04 जेसी 1671 के चालक अक्षय यादव निवासी ग्राम नवागांव थाना बसना ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दंपत्ति मोटर सायकल सहित गिर गए। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### हुलसी बनीं जनपद सदस्य



**महासमुंद।** महासमुंद जनपद क्षेत्र क्रमांक 08 से हुलसी जितेंद्र चंद्राकर बेलसोंडा, ने जीत दर्ज की हैं। खरोरा, साराडीह से उन्होंने 1159 मतों से बढ़त दर्ज कीं। उनकी जीत पर ग्रामीणों में हर्ष है। हुलसी चंद्राकर इसके पूर्व ग्राम पंचायत बेलसोंडा की उप सरपंच थीं। इस बार जनपद क्षेत्र क्रमांक 08 से उनके सामने 5 अन्य प्रत्याशी मैदान में थे। हुलसी की जीत से समर्थकों में उत्साह है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने बेल्डीहपठार से तोषगांव जाने के मार्ग में एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी नानदाऊ खुंटे पिता रामलाल खुंटे (42 वर्ष) बेल्डीहपठार के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### सुंदरनगर वृद्धाश्रम में मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन ने सुंदरनगर स्थित प्रशामक देखरेख गृह वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के साथ महाशिवरात्रि महापर्व मनाया। इस मौके पर संस्थान के राजेंद्र ओझा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों के लिए मच्छरदानी प्रदान की गई। 'आश्रय लायंस वृद्धाश्रम' से आए प्रतिनिधि निरंजन एवं रामकृष्ण शर्मा को बेडशीट एवं पिलो कवर प्रदान किए। इसी दौरान हृषीक ओझा ने विवाह की वर्षगांठ पर फल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में घनश्याम सराठे, कमलेश शर्मा, आईएसबीवी. श्रीनिवास राव, राजेंद्र जैन, संभव जैन, डॉ. मृणालिका ओझा, मुकेश शाह, रोशन बहादुर, भीम, नितिन जैन आदि उपस्थित थे।

### शहीद और मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति



**रायपुर।** नक्सल हमले में शहीद तथा बीमारी की वजह से मृत होने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति का प्रमाणपत्र सौंपा है। नियुक्ति पाने वालों में बीजापुर नक्सली हमले में शहीद भरतलाल साहू की पत्नी नंदेश्वरी साहू को एएसआई, रायपुर में पदस्थ एएसआई कैलाशनाथ शांडिल्य की बीमारी से मौत होने पर उनकी बेटी नेहा शांडिल्य को आरक्षक, एमटी पूल में प्रधान आरक्षक (चालक) अजय कुमार सोनी की बीमारी से मौत होने पर उनके बेटे मयंक को आरक्षक तथा आरक्षक मुकेश भंडारी की बीमारी से मौत होने पर उनकी पत्नी गंगोत्री को आरक्षक के पद पर नियुक्तिपत्र दिया गया है।

# उत्पादक राज्य होने के बाद भी छग के किसानों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व

- भाजपा के 1 साल के कार्यकाल में किसान हुए बदहाल

विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि बिजली उत्पादक राज्य होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। प्रदेश सहित महासमुंद जिले के अनेक ब्लाकों में लो वोल्टेज व लगातार पावर कट की समस्या बनी हुई है। अनेक ब्लॉकों में किसान लगातार धरना, आंदोलन कर लो वोल्टेज की समस्या व लगातार बिजली कटौती के विरोध में चेतावनी देकर ज्ञापन सौंप रहे हैं।

चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में किसान रबी धान की फसल को लेकर चिंतित हैं। राज्य के किसान धान फसल पर निर्भर हैं। अधिकतर किसान रबी में धान फसल लेकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। महासमुंद जिले के किसान भी रबी सीजन में धान फसल ले रहे हैं। असिंचित क्षेत्र के किसान बोरवेल पर निर्भर हैं। ऐसे में लगातार लो वोल्टेज की समस्या तथा अनियमित बिजली कटौती से वे परेशान हैं। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 23 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 23 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 1 साल में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।



चंद्राकर ने कहा कि रमन सरकार के दौरान भी बिजली एक बड़ी समस्या थी। गांव में बिजली गुल होना आम बात हो गई थी। वर्तमान में पुनः भाजपा सरकार आते ही साल भर में वही स्थिति फिर निर्मित हो गई है। शहरों में भी बार-बार बिजली बंद तथा ग्रामीण क्षेत्र की हालत तो बेहद खराब है। झलप-पटेवा, पिथौरा, बागबाहरा ब्लाक तथा कोमाखान क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से भारी परेशानी का सबब बन गया है। इन क्षेत्रों में फसल मरणासन्न स्थिति में है। कोमाखान ब्लाक के 52 ग्रामों के किसानों ने विद्युत दफ्तर का घेराव कर लो वोल्टेज की समस्या को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोश जाहिर कर चेतावनी भी दी है कि सप्ताह भर के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सड़क में उतरकर आंदोलन करेंगे।

उन्होंने कहा कि किसानों को रबी सीजन में धान फसल से वंचित करने भाजपा ने पहले भी षडयंत्र किया था। पूरे प्रदेश में किसानों की नाराजगी को देखते हुए रबी सीजन में धान फसल पर रोक लगाने के निर्णय को वापस लिया था। वर्तमान में षडयंत्रपूर्वक लगातार वोल्टेज की समस्या व विद्युत कटौती कर फसल खराब करने की योजना सरकार ने बनाई है। ताकि, किसान स्वमेव रबी सीजन में धान फसल ना लें। इसके अलावा 1 मार्च से 12वीं तथा 3 मार्च से 10वीं बोर्ड का परीक्षा भी शुरू हो रहा है, ऐसे में लगातार लो-वोल्टेज व बिजली कटौती से बच्चे पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं। यह सरकार किसान, विद्यार्थी व आम जनता को परेशान करने का काम कर रही है।

# छत्तीसगढ़ पीसीसी कार्यालय में ईडी की रेड और प्रदेश अध्यक्ष की जासूसी भाजपा का चरित्रः अंकित

## छत्तीसगढ़ की पुलिस भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि भाजपा पूरी तरह से लोकतंत्र को खत्म करने पर आमादा है। मिशन लोटस से भाजपा का स्पष्ट संदेश है या तो हमारे साथ जुड़ जाओ या झूठे मामले बनाकर खत्म कर दिए जाओगे। जिसका ताजा प्रमाण छत्तीसगढ़ पीसीसी कार्यालय में ईडी की रेड और प्रदेश अध्यक्ष की जासूसी करवाना है।

अंकित ने बताया कि प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को 8 घंटे ईडी कार्यालय में बिठाकर उलजुलूल सवाल किए। जबकि सम्मन के चार बिंदु थे, उसमें जो नहीं था कि ईडी नगर निगम कब से हो गई, वह बिल्डिंग का नक्शा कब पास हुआ, लेआऊट कहा है, छज्जा कितना निकला है, ऊंचाई कितनी है? नक्शा पास हुआ या नहीं। अब ईडी भाजपा के लिए नगर निगम भी हो गई। ईडी की मंशा सिर्फ कांग्रेस पदाधिकारियों को प्रताड़ित करना है। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रुपए की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने का रुपए कहां से आया इसकी जांच करे? कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाइव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। अंकित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यालयों के निर्माण के एक-एक रुपए का हिसाब देगी, जिसमें ला खों कार्यकर्ताओं की सहयोग राशि लगी है। इसी तरह रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष



दीपक बैज के निवास के पास दंतेवाड़ा से सीजी अट्ठारह सीरीज की गाड़ी आती है, पिछली रात बारह बजे से लेकर कल दिनभर और फिर कल रात बारह बजे तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निवास में जासूसी करती है। वहां टीआई रैंक के अधिकारी, एक सब इंस्पेक्टर और सिपाही आते है, चौबीस घंटे जासूसी करते है आखिर क्यों? मतलब साफ है कि प्रदेश अध्यक्ष के घर में कौन स्थानीय निकाय चुनाव जीता हुआ जनप्रतिनिधि आ रहे हैं, जिला पंचायत के मैंबर, जनपद के सदस्य रहे हैं, उन पर निगरानी रखी जा रही है। जनपदों में कांग्रेस के चुने हुए जनपद सदस्य को डराओ, धमकाओं, उठाओ, बंदूक की नोक पर, भाजपा का जनपद अध्यक्ष बनाओ, जिला पंचायतों में भी कांग्रेस के जीते हुए सदस्यों को बंदूक की नोक पर उठा ले जाओ और भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बनाओ। लोकतंत्र को कुचलने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार किस हद तक जा सकती है, इससे बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता। अंकित ने कहा कि भूपेश बघेल के राज में कांग्रेस ने भी पांच साल सरकार चलाई, हमारी कांग्रेस की सरकार थी, नगरीय निकाय चुनाव हमारी सरकार में पारदर्शितापूर्ण तरीके से कराए। बैलेट पेपर से कराये। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई। बंदूक की नोक पर हम लोग डराने धमकाने का काम नहीं किए, जो यह सरकार कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। बंदूक की नोक पर सरकार चुनाव जीतना चाहती है। जबकि, लोकतंत्र में ऐसा संभव नहीं है। इन दोनों प्रकरणों पर निष्पक्षतापूर्ण जांच और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं और इसकी भारी निंदा करते हैं।

# छात्रों से कहाः निरंतर प्रयास से ही मिलती है सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोइरगांव (कोमाखान)

विज्ञान दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास से सफलता मिलती है, एक छोटी सी बीज में क्या होता है? पर बच्चों ने जवाब दिया- जीवन होता है, छोटे से बीज से विशाल वृक्ष, पत्ते फल, फूल, ऑक्सीजन के साथ संसार की अद्वितीय रचना छुपी होती है, कारणों की तलाश हमें विज्ञान की ओर ले जाती है। कारणों की खोज कर समस्या का हल ढूंढ़ा जा सकता है। सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच क्या है- जानो तब मानो, अक्ल बादाम खाने से नहीं, ठोकर खाने से आती है।

इस अवसर पर कॉम्प्ट्रोलर फाइनेंस डॉ. वीके लाल ने विद्यार्थियों को दूरभाष के माध्यम से संबोधित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के बारे में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अपने कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए निरंतरता जरूरी है, चरैमेति-चरैमेति के सूक्ति वाक्य को जीवन में अंगीकार करना चाहिए। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर विद्यार्थियों ने सूक्ष्मदर्शी यंत्र से सूक्ष्मजीव की दुनिया को जाना। इस अवसर में विद्यालय के न्यूटन थियेटर पर मैं कलाम हूं एवं रामानुजन पर दो डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने विज्ञान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। विज्ञान शिक्षिका कामाक्षी चंद्राकर ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन लक्ष्मी साहू ने किया।

# इस साल भी लगेगा महंगी बिजली का झटका पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लगातार दूसरे साल भी महंगी बिजली का झटका लगने की पूरी संभावना है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 45 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए इस घाटे को पूरा करने वाला नया टैरिफ लागू करने की मांग की है। अब आयोग पॉवर कंपनी का लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि वास्तव में उनका कितना घाटा है। उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। नए टैरिफ से पहले जनसुनवाई भी होगी, लेकिन अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्यों के पद खाली हैं। ऐसे में आयोग विधिक सलाह के बाद ही जनसुनवाई पर फैसला करेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा।

### आयोग में दो पद खाली

इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है।

# अटल टिंकरिंग लैब में विज्ञान आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विविध विज्ञान आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में एटीएल लैब प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान और समाज विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम किरण यादव 11वी ब, द्वितीय यशिका ढीढ़ी 9वी ई तथा तृतीय कामिनी साहू 9वी ई की रही। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने डॉ सीवी रमन एवं विज्ञान से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर आकर्षक पोस्टर बनाए। इस प्रतियोगिता में प्रथम दामिनी दुर्गा 9वी ए, द्वितीय दुर्गेश साहू 10वी ए तथा तृतीय योगिता दीवान 9वी ई रही। साइंटिफिक रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने रंगों और विज्ञान के तत्वों को जोड़ते हुए सुंदर रंगोली बनाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम निशा मंडले 11वीं डी, द्वितीय डागेश्वरी साहू 9वी ए तथा तृतीय भावना सोनवानी 9वी ए रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रति अपनी रुचि और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए प्राचार्य जीआर सिन्हा ने विद्यार्थियों से कहा कि विज्ञान का ज्ञान और जागरूकता समाज की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति उत्साह और समझ विकसित करना था। प्रतियोगिताओं के निर्णायक पूजा साहू, मधुमति चंद्राकर, तपस्या शर्मा, नोबल ध्रुव एवं भारती यादव रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक राहटगांवकर, अनिता साहू, हेमंत खूंटे, आशीष देवांगन, कीर्तन साहू, तुलसी साहू, खोमन लाल चंद्राकर आदि का सहयोग रहा।



### महाशिवरात्रि पर 24 घंटे का पंचाक्षरी मंत्र का अखंड संकीर्तन

**महासमुंद।** महाशिवरात्रि पर्व पर शिवानंद सरस्वती योग भवन में दिव्य जीवन संघ द्वारा 26 फरवरी बुधवार को प्रातः 6 बजे से 27 फरवरी गुरुवार को प्रातः 6 बजे तक 24 घंटे का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय का अखंड संकीर्तन दिव्य जीवन संघ के साधकों द्वारा किया गया। नगर के धर्मप्रेमी भक्तगण इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

# सोलर पैनल से घरों में होने लगी रोशनी, बिजली बिल की भी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोलर पैनल लगाने से हर महीने बिजली बिल में बचत होते देख अब छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में भी सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार राज्य में अभी तक करीब ढाई लाख लोग प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करा चुके हैं, जिनमें से लगभग 40 हजार लोगों ने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन भी किए हैं। इनमें से एक हजार से अधिक लोगों के घरों में सोलर पैनल लग भी गए हैं। इससे उनके घरों में बिजली का उत्पादन भी होने लगा है, जिससे बिजली बिल



में हर महीने अच्छी बचत भी होनी लगी है। यही कारण है कि सोलर पैनल को लेकर लोगों की सोच भी सकारात्मक हुई है, जिससे पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

### 3 किलोवाट के सोलर पैनल से 360 यूनिट बिजली तैयार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने घर में ही 360 यूनिट बिजली तैयार कर रहे हैं, जिससे बिजली बिल में 20 हजार रुपए तक की बचत हो रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों से आवेदन किए जा रहे हैं। इनमें नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर, सुकमा, नारायणपुर जैसे जिले भी शामिल हैं।

### सब्सिडी के साथ बैंक लोन

इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी के रूप में छूट भी दी जा रही है। उपभोक्ता को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिल रही। सोलर पैनल की लाइफ 25 वर्ष की है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 27,480 सदस्यों को भेजी गई सूचना

# चैंबर चुनाव के लिए सदस्यों को डाक विभाग से अधिकृत सूचना, 5 मार्च को होगा प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर जहां व्यापारिक संगठनों में हलचल मची है, वहीं चैंबर के प्रदेशभर के 27,480 सदस्यों को चुनाव की अधिकृत सूचना डाक विभाग के माध्यम से भेजी गई। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र गोलछा ने बताया कि चैंबर चुनाव 2025 की चुनाव प्रक्रिया के तहत 5 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 6 से 8 मार्च तक मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के आवेदन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक लिये जायेंगे। चैंबर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के निर्देश अनुसार उनके हस्ताक्षर युक्त सूचना पत्र चैंबर के 27,480 सदस्यों को मुख्य डाकघर रायपुर के माध्यम से भेजने सौंपा गया। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशंद्र गोलछा, अनिल कुचेरिया और चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी शशिकांत गुप्ता की उपस्थिति में डिप्टी पोस्ट



मास्टर दीपक वासनिक को यह सौंपा।

चैंबर चुनाव में इस बार जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के बीच मुकाबला है। प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष चुनने 10 चरण में प्रदेशभर में मतदान होंगे। इस बार के चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अमर पारवानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए उत्तम गोलछा को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा गया है। जबकि व्यापारी एकता पैनल ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। प्रत्याशियो के चयन और चैंबर चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की अहम बैठक 28 फरवरी को शाम 4 बजे राजधानी के हॉटल आदित्य में रखी गई है। जिसमें व्यापारी एकता पैनल प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए पैनल से प्रत्याशी का ऐलान करेगी।

### जिलेवार मतदान केन्द्र इस तरह से

- 14 अप्रैल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर
- 15 अप्रैल मेनोनाइट हिन्दी हायर सेकंडरी स्कूल धमतरी, 16 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़
- 20 और 21 अप्रैल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई
- 24 अप्रैल उदयाचल भवन राजनांदगांव, 27 अप्रैल झूलेलाल मंगल भवन बिलासपुर
- 3 मई गुजराती शाला भवन देवेन्द्र नगर रायपुर और 4 मई सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर में मतदान होगा।

# दो दर्जन से ज्यादा हमपेशा साथियों को जमीन बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला हवलदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- गिरफ्तार हवलदार अपने आपको एसीबी में पदस्थ होना बताता था
- हवलदार ने पांच वर्ष पूर्व एएसआई, एसआई सहित दो दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मियों के साथ की थी ठगी

पांच वर्ष पूर्व जमीन बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने के आरोपी हवलदार को सिविल लाइंस पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है, उसने अपने हमपेशा साथियों के साथ ठगी की थी। गिरफ्तार हवलदार की वर्ष 2019 से लेकर अब तक लोक आयोग में तैनाती होना बताया जा रहा है। पुलिस हवलदार के तीन साथी राज कश्यप सहित अन्य दो को पहले ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। पुलिसकर्मियों के साथ ठगी करने के आरोप में सिविल लाइंस पुलिस ने जयदेव वर्मा नाम के पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है। जयदेव के खिलाफ टिकरापारा, गुढ़ियारी, सिविल लाइंस, गंज में वर्ष 2019 में तैनात पुलिसकर्मियों ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।



### अपने आपको एसीबी में तैनात होना बताता था

जयदेव अपनी पहचान छिपाने अपने आपको एसीबी में तैनात होना बताता था। साथी पुलिसकर्मियों ने जयदेव के अपने हमपेशा साथी होने की वजह से विश्वास में जमीन लेने रकम दे दी थी। बताया जा रहा है, जयदेव ने कुछ पुलिसकर्मियों को कुछ रकम लौटाया भी था। बाद में उसने पैसे लौटाना बंद कर दिया। विभागीय होने की वजह से पुलिस जयदेव को गिरफ्तार करने से बच रही थी।

ठगी की शिकायत दर्ज होने के बाद जयदेव की विभागीय जांच भी की गई, लेकिन उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी।

### एसएसपी के संज्ञान में लेने के बाद गिरफ्तारी

जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी नहीं होने से आहत ठगी के शिकार पुलिसकर्मियों ने जयदेव की शिकायत एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद से की। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जयदेव वर्मा को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने जयदेव को गिरफ्तार किया।

### साथियों को रकम लौटाने झूठा आश्वासन

जयदेव ने अपने हमपेशा साथियों को सेजबहार में कम कीमत में जमीन दिलाने का झांसा देकर जमीन दलाल राज कश्यप तथा दो अन्य के साथ मिलकर किस्तों में पैसे वसूले। किस्त जमा करने के बाद भी जमीन नहीं मिलने पर जयदेव ने अपने साथी पुलिसकर्मियों को जल्द पैसा लौटाने का झांसा देता रहा। पैसा नहीं मिलने पर ठगी के शिकार पुलिसकर्मियों ने जयदेव के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। ठगी के शिकार होने वाले पुलिसकर्मियों में आरक्षक से लेकर एएसआई से लेकर एसआई स्तर तथा क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

# पिथौरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम हुआ

## अंधविश्वास के प्रति छात्रों को जागरूक किया, बच्चों ने दिखाए वैज्ञानिक कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संस्कार शिक्षण संस्थान एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा पिथौरा के तत्वावधान में शासकीय कन्या अंग्रेजी मिडिल विद्यालय में आयोजित अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम ने समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का संदेश दिया। बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया, बल्कि वैज्ञानिक चमत्कारों के प्रदर्शन से यह बताया कि कैसे अंधविश्वास को तर्क और विज्ञान के माध्यम से खारिज किया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। हमें अंधविश्वास से दूर रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज में व्याप्त टोने-टोटके और झाड़-फूंक जैसी प्रथाओं को विकास में बाधक बताया और वैज्ञानिक समाज के निर्माण पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के मेंबर हेमंत खूंटे ने कहा कि अंधविश्वास के उन्मूलन से ही एक प्रगतिशील और तार्किक समाज की स्थापना हो सकती है।



### बच्चों ने दिखाए वैज्ञानिक कौशल

कार्यक्रम के दौरान विज्ञान गीत, कविता, व्याख्यान, विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गईं। बच्चों ने अपने प्रदर्शन से अंधविश्वास को चुनौती देने वाले विचारों को मजबूती से प्रस्तुत किया। आयोजन समिति की संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर ने अपने वैज्ञानिक चमत्कारों से सभी को आकर्षित किया और यह बताया कि अंधविश्वास को कैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम को उपस्थित अतिथि गोपाल शर्मा, अंतर्यामी प्रधान, नरेश नायक ने संबोधित किया। सभी ने वैज्ञानिक सोच को अपनाने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने पर जोर दिया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों व शिक्षक का सम्मान

पिथौरा ब्लाक के विज्ञान के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों व शिक्षक को पुरस्कृत किया गया। जिसमें शासकीय कन्या अंग्रेजी मिडिल विद्यालय से डिंपल डडसेना, साक्षी पटनायक, यागनि ठाकुर, कृति कुमारी साव, विनय पटेल, अभय डडसेना, राम दर्शन पब्लिक स्कूल से रोशनी चौधरी, प्रीति पटेल, रुद्राक्ष शुक्ला, वंदना पंडा, अर्णव नामदेव, सन राइजिंग किड्स प्ले स्कूल खुटेरी से सिद्धू पटेल, ओजस चौधरी, साक्षी ध्रुव, जिया पटेल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा से बिंदिया डडसेना, विनीत सिदार, दिव्यांशी डडसेना, गोपालपुर विद्यालय से शारदा साहू, संत फ्रांसिस विद्यालय से रूप पुरोहित, चंद्रपाल डडसेना महाविद्यालय से गरिमा, कन्नौज मीनाक्षी निर्मलकर बाल वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट शिक्षक को मिला सम्मान

हेमंत खूंटे, अंतर्यामी प्रधान, वेदेश्वर प्रसाद जोशी, पुष्पकांत साहू, रमाकांत रघुवंशी, श्वेता शर्मा, अनिल पटनायक, एमडी प्रधान शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में देवेश निषाद नगर पंचायत अध्यक्ष, गोपाल शर्मा अध्यक्ष व्यापारी एकता मंच, सीमा गौरव चंद्राकर संचालक संस्कार शिक्षण संस्थान, नरेश कुमार नायक प्रधान पाठक, हेमंत खूंटे, अंतर्यामी प्रधान, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा मेंबर, पत्रकार राजा बाबू उपाध्याय, रमेश श्रीवास्तव, आनंद भोई सहित कई लोग मौजूद रहे। इस आयोजन ने समाज में वैज्ञानिक सोच के प्रति जागरूकता फैलाने और अंधविश्वास से मुक्ति पाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार पत्रकार संतोष गुप्ता और आभार प्रदर्शन युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर ने किया।

# प्लेसमेंट कैंप 5 को, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में 5 मार्च 2025 को प्रस्तावित प्लेसमेंट कैंप में एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित बैंकों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें आईसीआईसीआई बैंक एवं एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के क्रमशः 20 एवं 10 पदों के लिए तथा एचडीएफसी बैंक में वर्चुअल रिलेशनशिप मैनेजर के 10 पदों के लिए 10वीं, 12वीं एवं स्नातक में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आवेदक पात्र होंगे।

# सांकरा के मीडिया विद्यार्थियों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

सेजेस सांकरा (जोंक) के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के मीडिया एंड एंटरटेनमेंट विषय के 71 छात्रों को आईसीटी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में 10 दिवसीय इंटर्नशिप सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर संबंधित जानकारियां जैसे फोटोशॉप, डिजिटल मीडिया, ग्राफिक डिजाइनिंग, नेटवर्क एवं अन्य महत्वपूर्ण कौशलों का व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। आईसीटी कंप्यूटर संस्थान के प्रमुख सचिन साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त कर ज्ञानार्जन किया।



विद्यालय के प्राचार्य डीके देवांगन एवं सेजेस सांकरा के एसडी भोई, टीडी कुमार, पीएल नायक, एमआर सिदार एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण में सफलता मिलेगी तथा उनके भविष्य निर्माण में यह प्रशिक्षण लाभकारी होगा। व्यावसायिक प्रशिक्षण मंगला देवी साहू जो विद्यालय में मीडिया एवं एंटरटेनमेंट विषय के प्रशिक्षक हैं ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए विषय का वास्तविक ज्ञान बढ़ाने और अपने कौशल की बारीकियों को समझने में अत्यंत लाभदायक है।




# मॉडल बायलाज का वाचन व पैक्स पुनर्गठन पर हुई चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कार्यक्रम में 10 वयोवृध्द एवं वरिष्ठ सदस्यों का किया गया सम्मान

27 एवं 28 फरवरी को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा महासमुंद के सभा कक्ष में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत वार्षिक कैलेंडर अनुसार माह फरवरी 2025 का कार्यक्रम नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। 27 फरवरी को कार्यक्रम का मुख्य विषय पैक्स के मॉडल बायलाज का वाचन एवं पैक्स पुनर्गठन की चर्चा तथा पैक्स के वयोवृध्द सदस्यों का सम्मान था।

कार्यक्रम में अनिश कुमार दीवान सहकारिता विस्तार अधिकारी (उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला महासमुंद) के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए। अविनाश शर्मा नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, राणा शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा, जीएल कौशिक प्रबंधक जिला सहकारी संघ और एसआर बंजारे जिला प्रचार प्रसार अधिकारी जिला सहकारी संघ, बैंक पर्यवेक्षक, 12 पैक्स समितियों के प्रबंधक एवं कर्मचारीगण तथा समितियों के सदस्य मौके पर उपस्थित रहें। सर्वप्रथम जिला प्रचार प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे द्वारा पैक्स समितियों के माडल बायलाज का वाचन कर सहकारिता की परिभाषा को समझाते हुए पंजीयन, बोर्ड ऑफ डारेक्टर एवं प्रतिनिधियों निर्वाचन, मनोनयन एवं सहयोजन, प्रवेश शुल्क एवं अंश राशि, अधिकृत अंश पूंजी, लेखा पुस्तकें एवं अन्य रजिस्टरों का संधारण संचालक मंडल एवं विशेष आमसभा की बैठक, बैठकों में गणपूर्ति, सदस्यों की पात्रता, रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कार्यवाही, ऋण वितरण एवं वसूली संबधी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सदस्यता की समाप्ति, सदस्यों के अधिकार, सदस्यों को हटाना, अंश प्रमाण पत्र, पूंजी एवं निधियां, सेवा नियम, बोर्ड एवं कमेटी गठन, महिलाओं के लिऐं आरंक्षण, अध्यक्ष एवं प्रबंधक की शक्तियां, और परिसमापन संबंधी सम्पूर्ण जानकारी बताया गया। अनिश कुमार दीवान द्वारा पैक्स समितियों के पुनर्गठन पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पैक्स समितियों के वयोवृध्द सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनुज राम पटेल तुसदा समिति, हेमलाल पटेल बेलसोंडा, भोलाराम ध्रुव बरोंडाबाजार, तुलसी ठाकुर बम्हनी, कमल साहू बेलसोंडा, वेदराम ठाकुर खम्हरिया, योगेश कुमार ध्रुव बरोंडाबाजार, किशन देवांगन, प्रमोद कुमार साहू बम्हनी और मनोज कुमार रात्रे बम्हनी कुल 10 वयोवृध्द एवं वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान गमछा भेंटकर अनिश कुमार दीवान एवं अविनाश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिये गये संपूर्ण जानकारी को उपस्थित सदस्यों ने काफी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सदस्यों के हित में बहुत ही महत्वपूर्ण और जरूरी है। उक्त कार्यक्रम में कुल 33 सदस्य/और कर्मचारीगण लांभवित हुए। वहीं दूसरे दिन 28 फरवरी को अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के गतिविधियों के अंतर्गत नागरिक सेवाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ पहुंच के लिए पैक्स समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर की भूमिका पर चर्चा की गई। जिला प्रचार प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे कॉमन सर्विस सेंटर में कुल 35 प्रकार के कार्य करने की जानकारी से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में आधार कार्ड, पेन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जमीन का नक्शा खसरा, बी-01, पांचसाला खसरा, नक्शा, आय, जाति, निवासी प्रमाण पत्र, फोटो कॉपी कराने आदि कार्य होंगे। जिससे किसानों एवं समिति के सदस्यगण लाभान्वित होंगे। एक ही स्थान पर उक्त सभी कार्य आसानी से होंगे, इसके लिए उन्हें कई जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की कुल 15 शाखाएं है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 130 पैक्स समितियां कार्यरत है। उनके कंप्यूटर ऑपरेटरों और कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सभी समितियों में सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) की स्थापना कर दी गई है। इससे किसानों को उक्त कार्य कराने में समय, श्रम की बचत होगी और निर्धारित फीस पर उक्त कार्य करा सकते है। पैक्स समितियों के आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और व्यवसाय में वृद्धि होगी। उक्त जानकारी समिति सदस्यों के हित में उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में बैंक के सुपरवाइजर, पैक्स समिति के कर्मचारीगण और महासमुंद बैंक शाखा के समितियों के कुल 22 सदस्यगण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### असंग साहेब का कार्यक्रम स्थगित



**महासमुंद।** बीटीआई रोड बिजली आफिस के बाजू में 3 मार्च को आयोजित सुखद सत्संग (असंग साहेब) का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी नंदकुमार साहू ने दी।

### वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कल

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज के अतर्गत ग्राम राटापाली में 2 मार्च रविवार को शाकंभरी महोत्सव व वार्षिक सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में मरार समाज के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच, पंच के अलावा समाज के प्रतिभावन छात्र-छात्राओं, कक्षा दसवीं और बाहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही वार्षिक लेखा जोखा में आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरूषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज करेंगे। विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 25 से लोचन पटेल एवं अति विशिष्ट अतिथि में जनपद सदस्य लता कुम्हार एवं स्थानीय सरपंच ग्रा पं पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी एवं ग्राम पंचायत परकोम के नवनिर्वाचित सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल होंगे। उक्ताशय की जानकारी मरार समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने दी है।

**मुकाबला :** नपाध्यक्ष ने खेल सुविधाओं के विस्तार पर दिया आश्वासन

# बीवीसीसी प्रीमियर लीग पर टीम चैलेंजर ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय मिनी स्टेडियम में बीवीसीसी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हुआ। इस फाइनल मुकाबले में चैलेंजर ने यार्कर योद्धा की रोमांचकारी मुकाबले में 7 रनों से करारी शिकस्त दी। विजेता और उपविजेता सहित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य Dतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू के हाथों पुरस्कृत किया गया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि खेल भावना से खेला गया खेल जीवन में निखार लाता है। उन्होंने कहा कि महासमुंद की खेल प्रतिभाओं को बाहर लाने का यह बेहतरीन प्रयास है, इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि खेल से जुड़े खिलाड़ियों की विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आगामी भविष्य में विशेष प्रयास किए जाएंगे।

बीवीसीसी की ओर से आशुतोष जोशी द्वारा मिनी स्टेडियम ग्राउंड में पेयजल सहित जल और सोलर सिस्टम में फ्लड लाइट की व्यवस्था की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वे एक मांग पत्र बनाकर दें, उनकी मांगों पर गंभीरता के साथ कार्य किया जाएगा।



समापन पर विजेता और उपविजेता सहित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

### दिए गए अनेक पुरस्कार

पुरस्कार वितरण में विजेता और उपविजेता टीम के साथ साथ अनेक पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच आशीष कुमार को दिया गया। मेन ऑफ द सीरीज का खिताब आशुतोष जोशी, इमेजिंग प्लेयर का खिताब गोपी नाथ को प्रदान किया गया। बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार विक्की हुसैन को मिला, बेस्ट बॉलर के रूप में अभिषेक गुप्ता को चुना गया, बेस्ट फील्डर रूपेश यादव, बेस्ट कैच रूपेश यादव, मेडन ओवर गोपी नाथ, मेडन ओवर संतोष कुमार राम सहित विजेता टीम को बीवीसीसी कप के साथ चालीस हजार रुपए नगद तथा उपविजेता टीम को बीवीसीसी कप के साथ तीस हजार रुपए की नगद राशि मुख्य अतिथि के हाथों प्रदान की गई।

### सीजन 02 की घोषणा

इस अवसर पर समस्त टीम ओनर सिल्वर स्टॉर्म से ईश्वर चंद्राकर, यार्कर योद्धा से लारेंस एंटोनी तिवारी, टाइगर से अनुराग तिवारी सिद्धार्थ, इलेवन से मुकेश साहू, नम्रता स्ट्राइकर्स से उमा शंकर देवांगन, चैलेंजर से संदीप जैन, जेसीसी से धरम जैन, वीएनएस से विजय राजपूत को आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। बीवीसीसी की ओर से सीनियर खिलाड़ी जबीर खान ने सीजन 02 की घोषणा कार्यक्रम के दौरान की, जिसमें सीजन 02 की शुरुआत 2 अक्टूबर से की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य जीनस जान, जोजी सेबेस्टियन, जाबिर खान, मिथुन जगत, सिराज बक्श, नईम खान, अभिषेक गुप्ता, परवेज अली, तनवीर पाल, हर्ष चंद्राकर को भी मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिराज बक्श और जाबिर खान ने संयुक्त रूप से किया व आभार प्रदर्शन आशुतोष जोशी ने किया।

निखिलकांत ने कहा कि महासमुंद का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है, उनकी सोच है कि विकास की यह किरण नगर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और वे इस कार्य को पूरी ईमानदारी और जवाबदारी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिल्वर स्टॉर्म के ओनर ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि लीग प्रतियोगिता का यह आयोजन शानदार रहा, इस प्रकार की प्रतियोगिता का विस्तार ग्रामीण अंचलों में भी होना चाहिए। यार्कर योद्धा के ओनर लारेंस एंटोनी ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बीवीसीसी कोर कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि पूरी प्रतियोगिता शानदार रही, इस प्रतियोगिता का हर मैच रोमांचकारी रहा।

# पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर व राष्ट्रीय विज्ञान एवं संचार परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर माहाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के निर्देशन एवं भौतिकशास्त्र विभागाध्यक्ष तथा इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो मनीराम धीवर के मार्गदर्शन एवं विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ ईपी चेलक के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में छः दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 28 फरवरी शुक्रवार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के दिन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसके चटर्जी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ नीलम अग्रवाल (अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष व नैक प्रभारी) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ ईपी चेलक विराजमान थे। उक्त छः दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 12 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक महाविद्यालय में विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसका समापन 28 फरवरी 2025 को हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात महान भौतिकशास्त्री सीवी रमन को याद करते हुए उनको नमन किया गया। पश्चात मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह एवं शील्ड देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम संयोजक मनीराम धीवर द्वारा पूरे छः दिवसीय कार्यक्रम का विस्तृत रूप से प्रतिवेदन पाठन किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि महान भौतिकशास्त्री सर सीवी रमन द्वारा किए गए खोज रमन प्रभाव की याद में भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। मुख्य अतिथि डॉ एसके चटर्जी ने सभी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस 12 फरवरी को गणित विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता, द्वितीय दिवस 15 फरवरी को कंप्यूटर विभाग द्वारा वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता, तृतीय दिवस 24 फरवरी को बॉटनी और भौतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान कार्यक्रम, चतुर्थ दिवस पर जूलॉजी विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, पंचम दिवस 25 फरवरी को रसायन विभाग द्वारा साइंस किट मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। छठवें दिवस 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ।

सभी प्रतियोगिताएं साइंस के थीम पर आधारित थी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। अंत में विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भी सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापकों को भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए स्मृति चिन्ह, शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में जिलेभर के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सबसे अधिक क्विज में कुल 93 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विज्ञान संकाय के अंतर्गत कुल 6 विभागों द्वारा अलग-अलग दिवस एक-एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। विज्ञान संकाय के अलावा आर्ट्स, कॉमर्स के प्राध्यापकों ने भी साप्ताहिक कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान दिया। प्रो मनीराम धीवर, डॉ ई पी चेलक सहित विज्ञान संकाय के समस्त प्राध्यापकों का इस आयोजन में विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रदीप कन्हेर, डॉ अजय कुमार देवांगन, प्रो प्रियंका सोनवानी, डॉ प्रियंका चक्रधारी, डॉ जगदीश सत्यम, प्रो अजय कुमार राजा, गौरव कुमार सोनी, डॉ जाग्रति चंद्राकर, नम्रता तंबोली, दिवाकर वर्मा, आशीष बेरा, टीकम साहू, पूजा यादव, रितेश्वरी सेन, पूर्णिमा साहू, शशांक दानी, अनुराग सोनी, हरिचंद निषाद सहित विज्ञान संकाय के समस्त अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मानस संगठन के पदाधिकारियों का किया गया स्वागत-सम्मान



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य मानस संगठन विकासखंड बसना के तत्वावधान में मानस संगठन के पदाधिकारियों सहित जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार चौहान का स्वागत सम्मान समारोह में किया गया। इस अवसर पर भोला विश्वकर्मा, तेजराम साव, लोकेश कुमार साव, ताराचंद सागर, बोध राम चौहान, चौत कुमार पटेल, बृज बिहारी जगत, दीनबंधु पटेल, त्रिलोचन डडसेना, भुनेश्वर साहू, रामप्रसाद, सपन दास, ग्रहण यादव, प्रिया साहू, रमेश भोई, लहाराम कर्ष, आत्माराम सिदार, भगत राम, शोभाराम, तेजराम, जगमोहन, रामेश्वर सहित विभिन्न मानस मंडलियों के संत जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृज बिहारी जगत ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन लहाराम कर्ष ने किया। उक्ताशय की जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी गोवर्धन साहू ने दी।

## मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही में जीवन विद्या लोकव्यापीकरण कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही में जीवन विद्या का लोकव्यापीकरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आश्रम के संचालक व शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि कार्यक्रम में देश-विदेश के 84 महानुभव उपस्थित हुए। इसमें अधिकांश सरकारी शिक्षक थे, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा अभ्युदय संस्थान अछोटी से 1 वर्षीय जीवन विद्या शिविर का अध्ययन किए हैं। अब सभी शिक्षक परिवार मिलकर अपने वेतन के पैसे से जीवन विद्या कार्यक्रम छत्तीसगढ़ समेत भारत के कोने-कोने में आयोजित कर मानव समाज को जागृत करेंगे।

सभा का मुख्य उद्देश्य अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था को साकार करने का उपाय था, जो कि आदरणीय ए नागराज प्रणेता जीवन विद्या और चेतना विकास मूल्य शिक्षा का है। इसके तहत छत्तीसगढ में जीवन विद्या का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होना है। जिसमें उपस्थित सज्जनों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, अभिभावकों, समाजसेवकों, विद्यार्थियों सभी एकमत, एक निष्कर्ष में पहुंचे कि जीवन विद्या वर्तमान शिक्षा की जरूरत है, संसार के 800 करोड़ हर मानव की जरूरत है। जीवन विद्या के ज्ञान से मानव अपराधमुक्त होंगे, हर व्यक्ति में समाधान, परिवार में समृद्धि, समाज में अभय, प्रकृति में संतुलन होगा। मानव-मानव व प्रकृति के साथ जीने की समझ प्राप्त करेगा। वर्तमान में इसकी समझ नहीं होने के कारण मानव सुखपूर्वक नहीं जी पा रहा है। मकान, गाड़ी, मोबाइल, कार, नौकरी, जमीन, दिखावेबाजी व आडंबर में सुख को खोज रहा है। जबकि, सुख सही समझ से ही मिलता है। वर्तमान



शिक्षा में व्यक्ति, परिवार, मानव समाज, प्रकृति, विश्वास, सम्मान, स्नेह आदि मूल्यों की शिक्षा नहीं होने के कारण मानव, मानव को नहीं समझ पा रहा है। जिसके कारण रूस-यूक्रेन का युद्ध, इजरायल-ईरान का युद्ध, पड़ोसी के साथ झगड़ा, परिवार में संबंधों में मतभेद, संबंधों की उपेक्षा बढ़ रही है। इसके लिए सभी शिक्षकों और समाजसेवकों ने मिलकर एक विस्तृत कार्यक्रम बनाया। जिसके तहत छत्तीसगढ़ के हर जिले में कार्यक्रम आयोजित होगा, जो स्वयं के व्यय से होगा। सभी शिक्षक अपने वेतन के पैसे से समाजसेवी अपने मेहनत की कमाई से कार्यक्रम का संचालन करेंगे। युवाओं, बुजुर्गो एवं अभिभावकों को जीवन विद्या की बातें बताई जाएगी।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ संकेत ठाकुर अंतरराष्ट्रीय टिशु कल्चर वैज्ञानिक अछोटी संस्थान से सभा को संबोधित करते हुए शिक्षकों को कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सब अपने स्वधन से समाज के युवाओं को जागृत कीजिए, जीवन विद्या की बातें संसार के हर मानव तक पहुंचाए, जिससे हर मानव समझदार होकर जीवन विद्या लोक व्यापीकरण में भागीदारी दे सके। मंजीत सिंह समृद्धि रायपुर से, सपन व सपना अछोटी से, चंद्रशेखर राठौर अछोटी, अनिता शाह प्राचार्य अभिभावक विद्यालय रायपुर अभिभावक विद्यालय तन-मन-धन से जीवन विद्या के लोक व्यापीकरण में समर्पित हैं, हर गांव व गली मुहल्ले में अभिभावक विद्यालय खोलने की जरूरत बताई। इस अवसर पर ममता जैन प्राचार्य अभिभावक विद्यालय अछोटी, डॉ अवधेश पटेल समाधान महाविद्यालय बेमेतरा, अंकित पोगुला मानव तीर्थ बेमेतरा, दिल्ली से बाबूलाल नायक, सुरेंद्र गुप्ता, शुक्लांबर पटेल, उर्मिला सिदार, ईश्वरी भोई रायगढ़ जीवन विद्या परिवार, चंद्रहास साहू, उदय जैन, पुरानिक आवरी, जितेंद्र साहू , प्रकाश साहू धमतरी, प्रवीण वर्मा अभनपुर, पवित्रो यादव, शिवकुमार बागबाहरा, संतोष साहू रायतुम, सुशील आर्य पटेवा, डा अनिल देवदास, कोकडी सरकारी स्कूल से यशपाल, देवेश, पूजा, झलप सरस्वती शिशु मंदिर से रागेश्वर, राखी तेंदूवाही आश्रम, शमिता शिवांकर महासमुंद, नीता सक्सेना रायपुर से आदि मौजूद रहे।

## बिरकोनी कन्या स्कूल में विज्ञान दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विज्ञान से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप भाषण स्पर्धा, विज्ञान के प्रति नई सोच विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़ विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाषण स्पर्धा में हुलेश्वरी साहू, ज्योति बंजारे, धनेश्वरी साहू, खुशबू, दीप्ति शामिल रहे, वाद विवाद प्रतियोगिता में एकता, सुमन, तुषिता, लिलेश्वरी, योगेश्वरी, रागिनी, तुकेश्वरी, कमलेश्वरी ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखें। यह कार्यक्रम रसायन शास्त्र के व्याख्याता परस राम सिन्हा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर सिन्हा द्वारा कबाड़, कचरे अनुपयोगी पदार्थ से मानव उपयोगी पदार्थ बना सकने के लिए प्रेरित किया और



बताया कि पुराने कॉपी किताब, पेपर, टीन, लोहा, प्लास्टिक आदि को पुनःचक्रण द्वारा नया बनाया जा सकता है। पुनःचक्रण के द्वारा अनुपयोगी पदार्थों को उपयोग के लायक बनाया जा सकता है। चिकित्सा के क्षेत्र में नई नई असाध्य बीमारियों का आसानी से उपचार और अंतरिक्ष यात्रा के संबंध में अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विज्ञान विषय के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर पाकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू, व्याख्याता गण अनुपमा मानिकपुरी, रागिनी चंद्राकर, संत राम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, श्रवण कुमार सिन्हा, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक महेन्द्र ध्रुव, रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी, अजय यादव सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाला विजयी जुलूस, ग्रामीणों का जताया आभार

**बिरकोनी।** जिले के ग्राम बड़गांव में नवनिर्वाचित सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव ने पंचों व समर्थकों के साथ गुरुवार शाम विजय जुलूस निकाला। जिसमें सरपंच व पंचों ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। बता दें कि नवनिर्वाचित सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव ने षटकोणीय मुकाबले में एकतरफा जीत हासिल की है। इस जुलूस में सरपंच के अलावा पंच सीमा निषाद, नारद निषाद, ललित निषाद, उमेश्वरी चक्रधारी, पीतांबर निषाद, मनोज चक्रधारी, टिकेश्वरी चक्रधारी, युवराज निषाद, ललिता निषाद, दानी निषाद, लोकेश्वरी निर्मलकर, गजेंद्र निषाद, किरण यादव, दशोदा पटेल, भोज निषाद, केशरी निषाद, लीलाबती निषाद, राजकुमारी निषाद



के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर मिथलेश निषाद, जुगेश निषाद, बंटी चक्रधारी, गोविंद निषाद, पन्नालाल पटेल, कमलेश चक्रधारी, गज्जू चक्रधारी, ईश्वर यादव, भुवन निषाद, संजय निषाद, पीतांबर निषाद, भुलाऊ निषाद, नोहर निषाद, भुरू निषाद, खम्भन यादव, मिलन चक्रधारी आदि मौजूद रहे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र महासमुंद जिला के अंतर्गत पिथौरा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969
हरिभूमि कार्यालय, महासमुंद
प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स
बस स्टैण्ड के पास, मेन रोड
महासमुंद मो. 9981131365

## जिले में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पंचायत (उपसरपंच, अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के नियम 6 के तहत महासमुंद जिले की जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रभारी कलेक्टर सच्चिदानंद आलोक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले की सभी जनपद पंचायतों मुं नामित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्वाचन 4 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में आयोजित होगा। नियुक्त अधिकारियों की सूची अनुसार जनपद पंचायत महासमुंद में पीठासीन अधिकारी हरिशंकर पैकरा (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व), सहायक पीठासीन अधिकारी कृष्ण कुमार साहू (तहसीलदार), जनपद पंचायत बागबाहरा में पीठासीन अधिकारी उमेश कुमार साहू (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जुगल किशोर पटेल (तहसीलदार), जनपद पंचायत पिथौरा में पीठासीन अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी नितिन ठाकुर (तहसीलदार), जनपद पंचायत बसना में पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार खांडे (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी ममता ठाकुर (तहसीलदार) और जनपद पंचायत सरायपाली में पीठासीन अधिकारी नम्रता चौबे (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी श्रीधर पंडा (तहसीलदार) होंगे। यह निर्वाचन प्रक्रिया पंचायत प्रणाली में नेतृत्व चयन के लिए महत्वपूर्ण है। निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।







